राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग जयपुर
(जी.3, राजमहल रेजीडेन्शियल एरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, सी–स्कीम जयपुर–302015)
टेलीफैक्स.0141–2222403, ईमेल–**dlbrajasthan@gmail.com** वेबसाईट
www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– 5419–5452 दिनांक 23.01.2017

समस्त जिला कलक्टर्स,
राजस्थान।

विषयः– स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए श्री के.के. गुप्ता, सभापति नगरपरिषद् डूंगरपुर (ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ राजस्थान) की सेवाएँ लिये जाने बाबत।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है नगरपरिषद् डूंगरपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वच्छता के संबंध में अनुकरणीय कार्य किया गया है तथा डूंगरपुर शहर राजस्थान का पहला खुले में शौचमुक्त शहर (ODF) भी घोषित हुआ है एवं नगरपरिषद् डूंगरपुर को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा राज्य स्तर पर भी सम्मानित किया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि राजस्थान के अन्य शहरों को भी डूंगरपुर की तर्ज पर स्वच्छ भारत मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन करना चाहिए एवं इस संबंध में डूंगरपुर में अपनाई गई प्रक्रिया एवं पद्धति का अनुकरण किया जाना चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री महोदया के निर्देशानुसार श्री के.के. गुप्ता, सभापति नगरपरिषद् डूंगरपुर को अधिकृत किया गया है कि वे राजस्थान के विभिन्न जिलों में स्वयं जाकर वहां के नगरीय निकायों के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों को इस संबंध में जागरूक करें तथा डूंगरपुर पद्धति एवं अनुभवों को शेयर करें, जिससे राज्य के अन्य शहर भी शीघ्रातिशीघ्र खुले में शौच से मुक्त हो सके एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर सके।

इस क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि कृपया श्री के.के. गुप्ता, सभापति नगरपरिषद् डूंगरपुर से समन्वय स्थापित कर जिला स्तर पर एक बैठक का आयोजन करें, जिसमें आपके जिले में स्थित नगरीय निकायों के महापौर/ सभापति/अध्यक्ष एवं पार्षदगणों एवं प्रमुख अधिकारियों के साथ–साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी आमंत्रित करे तथा स्वच्छता के क्षेत्र में डूंगरपुर द्वारा किये गये कार्यों का प्रजेन्टेशन करवायें एवं इसकी एक रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता को बैठक के 7 दिवस में प्रेषित करने का श्रम करें।

(डॉ. मनजीत सिंह)
प्रमुख शासन सचिव

क्रमांक :– 5453–5678 दिनांक 23.01.2017

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, माननीय मंत्री, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्थानीय निकाय विभाग, राज0 जयपुर।
5. समस्त महापौर/सभापति/अध्यक्ष/आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/परिषद्/पालिका, राजस्थान।
6. श्री के.के. गुप्ता, सभापति नगरपरिषद् डूंगरपुर को भेजकर लेख है कि समस्त जिला कलक्टरों से सम्पर्क कर उपरोक्तानुसार बैठक का आयोजन करवाये तथा डूंगरपुर नगरपरिषद् द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों, अपनाई जा रही पद्धति एवं अनुभवों का प्रजेन्टेशन दें।
7. समस्त उप निदेशक क्षेत्रीय, स्थानीय निकाय विभाग, राज0 जयपुर।
8. समस्त अधिकारीगण, निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, राज0 जयपुर।
9. सुरक्षित पत्रावली।

(डॉ. मनजीत सिंह)
प्रमुख शासन सचिव